दिनांक : 03.06.2025 समय : 07.10चउ

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- एनसीसी में तीन लाख नए कैडेट जोड़े जाएंगेए एनसीसी का योजनाबद्ध तरीके से होगा विस्तार।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए आईआईटी इंदौर में एग्रोटेक हब की स्थापना को दी मंजूरी ।
- पचमढ़ी में आम महोत्सवए दो दर्जन से ज्यादा किस्मों के किए गए आम प्रदर्शित।
- आईपीएल क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

## रक्षा राज्यमंत्री दौरा

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर-एनसीसी के विशेष संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों और अतिरिक्त और उप महानिदेशकों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान देश भर में तीन लाख कैडेटों को जोड़ने के साथ एनसीसी के योजनाबद्ध तरीके से विस्तार की भी घोषणा की। श्री सेठ ने इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्र-राज्य सहयोग जारी रखने का आह्वान करते हुए राज्यों से एनसीसी के ऐतिहासिक विस्तार में सहयोग देने के लिए आवश्यक कर्मियोंए बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आग्रह किया।

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने एनसीसी की भविष्य की रूपरेखा का उल्लेख किया। उन्होंने संगठन में युवाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने और कैडेटों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लक्ष्य पर बल दिया। शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रीए रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीए राज्यों के विभागीय प्रतिनिधि और सभी राज्यों के एनसीसी प्रमुख भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## प्रमुख रक्षा अध्यक्ष

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने आज स्पष्ट रूप से कहा कि भारत आतंक और परमाणु ब्लैक मेल के साए में नहीं जिएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सरकार प्रायोजित आतंकवाद

रोकना होगा। जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से चलाए जा रहे छद्म युद्ध को अब नहीं सहा जाएगा। उन्होंने सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में भविष्य के युद्ध और युद्ध शैली के बारे में दिए व्याख्यान में यह बात कही।

**राज्य मंत्रिपरिषद बैठक**

पचमढ़ी में आज आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि अब पचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य को राजा भभूत सिंह वन्यजीव अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावाए जल संरक्षण और संवर्धन में खंडवा जिले की उपलब्धि की चर्चा हुई. खंडवा देश में प्रथम और देश में प्रदेश चौथे स्थान पर रहा है । नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए आईआईटी इंदौर में एग्रोटेक हब की स्थापना की जाएगी ।

कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 जून को उज्जैन में वेलनेस समिट का आयोजन और 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूरे होने को लेकर कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अलावाए राजस्व विभाग में 500 पदों को खत्म कर 1200 पदों का सृजन करने का फैसला किया गया है। राजस्व विभाग में प्रमुख राजस्व आयुक्त और आयुक्त अभिलेख को आपस में मर्ज किया गया है। नया पद कमिश्नर लैंड रिसॉर्स मैनेजमेंट के नाम से जाना जाएगा।

**राहुल गांधी भोपाल**

राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में भोपाल से आज संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में यह अभियान 10 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इसके लिए कांग्रेस ने पर्यवेक्षकों को एक-एक जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। रविंद्र भवन में ब्लॉक-जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भी मौका दिया जाएगा। लोकसभा-विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए संगठन की महत्व दिया जाएगा। संगठन जिसका नाम आगे बढ़ाएगाए उसे चुनाव लड़वाया जाएगा।

**आम महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी के राज भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया। पचमढ़ी में दो दिनों का आम महोत्सव कल ता चलेगा । आम महोत्सव में शासकीय और निजी क्षेत्र के बागों से निकलने वाले दो दर्जन से ज्यादा किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं। महोत्सव में आम पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन

और किसानों का सेमिनार होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ विभिन्न मंत्रियों ने भी ने भी आम की विभिन्न किस्मो की सराहना की।

## रेलवे पर्यावरण संरक्षण

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण के लिए सप्ताह भर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रेल परिसर एवं कॉलोनियों में स्वच्छताए हरियाली और सतत विकास को प्रोत्साहित करना था। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सबसे पहले भोपालए इटारसीए बीना और गुना स्थित रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम मेंए सामुदायिक सहभागिता से सफाई अभियान का आयोजन भी रेलवे कॉलोनियों में किया गया।

## चुनाव आयोग पहल

भारत निर्वाचन आयोग अब अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत रुझानों को समय पर अपडेट करने के लिए एक सुव्यवस्थितए प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है। यह नई प्रक्रिया पहले की मैन्युअल रिपोर्टिंग विधियों से जुड़े समय अंतराल को काफी कम करती है। इस नई पहल के तहतए प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसी आईएन ईटी ऐप पर सीधे मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगेए ताकि अनुमानित मतदान रुझानों के अद्यतन में समय अंतराल को कम किया जा सके। जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैए वहां प्रविष्टियां ऑफ़लाइन की जा सकती हैं ।

## मौसम

प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज उज्जैनए नीमचए मंदसौर और धार में तेज बारिश हुई। भोपाल-इंदौर के कुछ इलाकों में भी रिमझिम बारिश हुई। रायसेन में 15 मिनट की बारिश में सड़कों पर पानी भर गया। खरगोन में भी थोड़ी देर की बारिश में अनाज मंडी में पानी भर गया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक आलोक शर्मा ने बताया कि अगले कुछ घंटों में प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा। दोनों टीम अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में**

- खंडवा और सनावद के बीच चलने वाली मेमो ट्रेन अब सप्ताह में पांच दिन दो-दो फेरे लगाएगी। किराया भी घटाकर सिर्फ 15 रुपए कर दिया गया है।
- मंदसौर में अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ़ द्वारा जप्तशुदा वाहनों की नीलामी के लिए बंद लिफाफे में निविदा 11 जून तक आमंत्रित की गयी है।
- देवास में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम आगरोदए ग्राम अकल्या तथा विजेपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- छतरपुर जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई।
- अशोकनगर में जनसुनवाई में नई अवधारणा के साथ आवेदकों की समस्याएं सुनी गयीं। जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 766 आवेदन प्राप्त हुए।
- शहडोल जिले में राज्य शिक्षा केंद्र के माध्यम से कक्षा पांचवी व आठवीं की पुनः: परीक्षा सोमवार से शुरु हो चुकी है। इस परीक्षा में उन छात्रों को शामिल किया गया है जो मुख्य परीक्षा में किसी कारण शामिल नहीं हो पाए थे या कुछ विषयों में अनुर्तीण रहे हैं।
- बैतूल में अटल सेना ने विश्व साइकिल दिवस को पिपलेश्वर शिव-शक्ति मंदिर गंज में साइकिल पूजन कर मनाया।
- नीमच में अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में चार आरोपियों पर तीन लाख 25 हजार रूपये का जुर्माना आरोपित किया गया है।